बिहार लोक सेवा आयोग
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

सी॰डब्लू॰जे॰सी॰ संख्या– 2396/2020, कंचन कुमार बनाम् राज्य सरकार एवम् अन्य में माननीय उच्च न्यायालय पटना द्वारा दिनांक 19.02.2020 को पारित न्यायादेश के अनुपालन में राजकीय आर॰बी॰टी॰एस॰ होमियोपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, मुजफ्फरपुर में विज्ञापन सं॰ 38/2017 के अन्तर्गत सर्जरी विषय के व्याख्याता के पद पर नियुक्ति हेतु परीक्षाफल

स्वास्थ्य विभाग, बिहार के अन्तर्गत राजकीय आर॰बी॰टी॰एस॰ होमियोपैथिक मेडिकल कॉलेज़ एवम् अस्पताल, मुजफ़्फरपुर में वि॰सं॰ 38/2017 के अन्तर्गत व्याख्याता, सर्जरी के उपलब्ध एकमात्र पद पर नियुक्ति हेतु परीक्षाफल दिनांक 09.01.2019 को प्रकाशित करते हुए आयोग द्वारा एक सफ़ल उम्मीदवार, अनुक्रमांक– 380008, श्री अमित की अनुशंसा स्वास्थ्य विभाग, बिहार को प्रेषित की गयी थी। दो विज्ञापनों – 38/2017, व्याख्याता, सर्जरी एवं 40/2017, व्याख्याता, रिपर्टरी के लिए एक ही उम्मीदवार श्री अमित अनुशंसित थे। श्री अमित द्वारा व्याख्याता, रिपर्टरी के पद पर योगदान के फलस्वरूप वि॰सं॰ 38/2017, व्याख्याता, सर्जरी का पद रिक्त रह गया।

नन–ज्वाईनिंग (Non-Joining) के कारण हुई रिक्ति के विरूद्ध नियुक्ति के सम्बन्ध में विज्ञापन संख्या– 38/2017, व्याख्याता, सर्जरी के 01 (एक) उम्मीदवार, अनुक्रमांक – 380009, श्री कंचन कुमार द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, पटना में सी॰डब्लू॰जे॰सी॰ संख्या– 2396/2020, कंचन कुमार बनाम् राज्य सरकार एवम् अन्य दायर किया गया जिसमें माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 19.02.2020 को उक्त उम्मीदवार की नियुक्ति करने संबंधी न्यायादेश पारित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि राजकीय आर॰बी॰टी॰एस॰ होमियोपैथिक मेडिकल कॉलेज़ एवम् अस्पताल, मुजफ़्फरपुर में सर्जरी विषय के व्याख्याता के पदों पर नियुक्ति के लिए साक्षात्कार में सम्मिलित 03 (तीन) उम्मीदवारों की तैयार की गयी संयुक्त मेधा सूची के आधार पर उक्त विज्ञापन के अन्तर्गत उपलब्ध अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (04) कोटि की 01 (एक) रिक्ति के विरूद्ध संयुक्त मेधा क्रमांक– 01, अनुक्रमांक– 380008, श्री अमित को सफ़ल घोषित किया गया था। अनुक्रमांक– 380009, कंचन कुमार संयुक्त मेधा क्रमांक– 02 पर अवस्थित हैं।

तदालोक में सी॰डब्लू॰जे॰सी॰ संख्या– 2396/2020, कंचन कुमार बनाम् राज्य सरकार एवम् अन्य में माननीय न्यायालय द्वारा पारित न्यायादेश के आलोक में आयोग द्वारा संयुक्त मेधा क्रमांक– 01, अनुक्रमांक– 380008, श्री अमित के नन–ज्वाईनिंग (Non-Joining) के फलस्वरूप उत्पन्न हुई रिक्ति के विरूद्ध विज्ञापन संख्या– 38/2017 के अन्तर्गत राजकीय आर॰बी॰टी॰एस॰ होमियोपैथिक मेडिकल कॉलेज एवम् अस्पताल, मुजफ़्फरपुर में सर्जरी विषय के व्याख्याता के पदों पर नियुक्ति हेतु पूर्व संयुक्त मेधा सूची के क्रमांक– 02 पर अवस्थित अनुक्रमांक– 380009, कंचन कुमार को सफ़ल घोषित करता है।

21.10.20

तिथिः 21 अक्टूबर, 2020

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना